(viii) पीएच.डी./विद्यावारिधि की छात्रवृत्ति प्रगति रिपोर्ट संतोषजनक के आधार पर 03 वर्षों यानी 36 महीनों के लिए मान्य होगी। द्वितीय वर्ष की छात्रवृत्ति पर विचार करने के लिए शोध छात्र द्वारा किए गये कार्यों का प्रगति विवरण तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित गाईड तथा विभागाध्यक्ष के माध्यम से भेजा जाएगा।

## ई) लाभार्थी-

अ) धन की उपलब्धता के आधार पर छात्रवृत्तियों की संख्या निर्धारित की जाएगी।

आ) भारत सरकार की समय-समय पर निर्धारित नीति के अनुसार आरक्षण दिया जाएगा।

इ) शैक्षिक संस्था के नियमित छात्र जिन्होंने संस्कृत/पालि/प्राकृत विषय वर्तमान कक्षा तथा पिछली कक्षा में भी लिया हो उनको छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

ई) वरीयता के रूप में संस्कृत/पालि/प्राकृत के पारंपरिक/प्राच्य छात्रों (जो संस्कृत माध्यम से संस्कृत अध्ययन कर रहे हैं) को 100 (शतप्रतिशत) आवेदकों को छात्रवृत्ति दी जाएगी।

उ) आधुनिक धारा के एम.ए. संस्कृत या संस्कृत आनर्स छात्रों जो संस्कृत माध्यम से संस्कृत का अध्ययन कर रहे है उनको सम्मानित करने के लिए छात्रवृत्त पर विचार किया जाएगा।

## उ) अग्रसारित प्राधिकारी -

अ) अस्थायी रूप से चयनित अर्ह छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए सूची ई-मेल/डाक के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित संस्था के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/डीन को सत्यापन हेतु प्रेषित की जाएगी।

आ) छात्र विवरण, संबंधित संस्था के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/डीन के द्वारा सत्यापित कर निम्नलिखित प्राधिकारियों से यथानियम प्रतिहस्ताक्षरित कराना होगा :-

| संस्था का प्रकार | सत्यापन हेतु अधिकृत अधिकारी |
|---|---|
| सम्बद्धता प्राप्त विद्यालयों | राजकीय शिक्षा अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी/खंड शिक्षा अधिकारी |
| राजकीय/केन्द्रीय विद्यालय | सम्बन्धित विद्यालय का प्राचार्य |
| राजकीय महाविद्यालय | सम्बन्धित महाविद्यालय का प्राचार्य |
| सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय | विश्वविद्यालय का कुलसचिव जहाँ से महाविद्यालय सम्बद्धता प्राप्त है |
| केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त संस्थाएँ | सम्बन्धित सम्बद्धता प्राप्त संस्था का प्राचार्य |

इ) उपर्युक्त वर्णित प्राधिकारी के अलावा निम्नलिखित प्राधिकारी भी अग्रसारित प्राधिकारी बन सकते है -

- **संस्कृत विश्वविद्यालयों के कुलपति**
- **महर्षि सन्दीपिनी वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन के सचिव**
- **केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति**
- **केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभी निदेशक**
- **राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के संस्कृत बोर्ड या संस्कृत शिक्षा विभाग के निदेशक**

ई) निर्धारित समय के भीतर सम्बन्धित प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/डीन से अस्थायी रूप से चयनित छात्रों की सूची सत्यापित कर सम्बन्धित प्राधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित मूल प्रति (हार्डकॉपी) संस्थान को प्राप्त होने के बाद ही छात्रवृत्ति जारी की जाएगी।

